हमारे घर आए ओ भोले बाबा

आए भोले बाबा हमारे घर आए,
हमारे घर आए ओ भोले बाबा,
ओ भोले बाबा ओ भोले बाबा....

जो मैं होती भोले भागीरथ की गंगा,
जटा बीच रहती ओ भोले बाबा,
हमारे घर आए ओ भोले बाबा.....

जो मैं होती भोले गंगा का चंदा,
तो माथे बीच रहती ओ भोले बाबा,
हमारे घर आए ओ भोले बाबा.....

जो मैं होती भोले जंगल का बिच्छू,
मैं कुंडल बनती ओ भोले बाबा,
हमारे घर आए ओ भोले बाबा.....

जो मैं होती भोले जंगल की नागिन,
नागो की माला बनती ओ भोले बाबा,
हमारे घर आए ओ भोले बाबा.....

जो मैं होती भोले लकड़ी का डमरू,
तो डम डम बजती ओ भोले बाबा,
हमारे घर आए ओ भोले बाबा.....

जो मैं होती भोले पैरो की घुंघरू,
तो छम छम बजती ओ भोले बाबा,
हमारे घर आए ओ भोले बाबा.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30669/title/humare-ghar-aaye-oh-bhole-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |